Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 27

No. of Printed Pages – 11

**S–121–Hindi(D & D)**

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

# माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2022

## हिंदी

**समय** : 3 **घण्टे** 45 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिस प्रश्नों के **अ, ब, स, द** खण्ड हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

यहाँ से काटिए

## खण्ड – 'अ'

प्र.1) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये – [5]

जन्म दिया माता–सा जिसने,
किया सदा लालन – पालन,
जिसके मिट्टी जल से ही,
है रचा गया हम सबका तन,
गिरिवर नित रक्षा करते हैं,
उच्च उठा के श्रृंग महान,
जिसके लता द्रुमादिक करते
हमको अपनी छाया दान,
माता केवल बाल – काल में,
निज अंक में धरती है,
हम अशक्त जब तलक तभी तक
पालन पोषण करती है
मातृभूमि करती है सबका, लालन सदा मृत्यु पर्यन्त,
जिसके दया – प्रवाहों का होता न कभी सपने में अंत

क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये। [1]

ख) हम सबका तन किससे रचा गया है? [1]

ग) माता हमें कब अंक (गोद) में लेती है? [1]

घ) ''अशक्त'' शब्द का विलोम है? [1]

अ) विकलांग

ब) शक्तिहीन

स) सशक्त

द) स्वावलम्बी

ङ) 'माता' शब्द का पर्यायवाची है – [1]

अ) जननी ब) माँ

स) मातृ द) उपर्युक्त सभी

अथवा

''ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में,
मनुज नहीं लाया है''
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है।
प्रकृति नहीं डर कर झुकती है
कभी भाग्य के बल से,
सदा हारती वह मनुष्य से
उद्यम से, श्रमजल से

क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये। [1]

ख) मनुष्य ने अपना सुख कैसे प्राप्त किया है? [1]

ग) प्रकृति किससे नहीं डरती? [1]

घ) 'मनुज' शब्द का पर्यायवाची है? [1]

अ) मनुष्य ब) प्रकृति

स) उद्यम द) भुजबल

ङ) 'भाग्य' शब्द का विलोम है – [1]

अ) सौभाग्य ब) दुर्भाग्य

स) ब्रह्मा द) मनुज

प्र.2) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये – [5]

अपने उत्तरदायित्व का ज्ञान बहुधा हमारे संकुचित व्यवहारों का सुधारक होता है । जब हम राह चलकर भटकने लगते हैं, तब यही ज्ञान हमारा विश्वसनीय पथ–प्रदर्शक बन जाता है । पत्र – संपादक अपनी शान्त कुटी में बैठा हुआ दृढ़ता और स्वतंत्रता के साथ अपनी प्रबल लेखनी से मंत्रिमण्डल पर आक्रमण करता है, परन्तु ऐसे अवसर भी आते हैं जब वह स्वयं मन्त्रि–मण्डल में सम्मिलित होता है । विधान–सभा भवन में पग धरते ही उसकी लेखनी कितनी मर्मज्ञ, कितनी विचारशील, कितनी न्यायपरायण हो जाती है । इसका कारण उत्तरदायित्व का ज्ञान है । नवयुवक युवावस्था में कितना उद्दण्ड रहता है? माता–पिता उसकी ओर से कितने चिन्तित रहते हैं? वह उसे कुलकलंक समझते हैं । परन्तु थोड़े ही समय में परिवार का बोझ सिर पर पड़ते ही वह अव्यवस्थित चित्त उन्मत्त युवक कितना धैर्यशील कैसा शांतचित्त हो जाता है ।

यह भी उत्तरदायित्व के ज्ञान का फल है ।

क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये । [1]

ख) माता–पिता युवावस्था में संतान की ओर से क्यों चिन्तित रहते हैं? [1]

ग) परिवार का बोझ सर पर पड़ते ही उन्मत्त युवक का व्यवहार कैसा हो जाता है? [1]

घ) 'युवावस्था' शब्द का तात्पर्य है – [1]

अ) बचपन ब) बुढ़ापा

स) जवानी द) बेरोजगारी

ङ) हमारे संकुचित व्यवहारों का सुधारक कौन होता है? [1]

अ) उत्तरदायित्व का ज्ञान ब) युवावस्था

स) उद्दण्डता द) अव्यवस्थित चित्त

अथवा

भारत की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई जनसंख्या राष्ट्र की एक भयानक समस्या है । देश की समृद्धि के लिये सरकार द्वारा किये गये श्रेष्ठ कार्यों में गतिरोध उत्पन्न होने का प्रमुख कारण जनसंख्या का निरंतर बढ़ना है । अतः राष्ट्रीय सरकार ने इसके समाधान के लिये परिवार नियोजन का आह्वान किया है । परिवार नियोजन का महत्त्व आर्थिक तथा मानवीय दोनों दृष्टियों से है । आर्थिक दृष्टि से यहाँ कि अधिक जनसंख्या बोझ बन जाती है । [5]

क) भारत की भयानक समस्या कौनसी है? [1]

ख) सरकार ने इसके समाधान के लिये किसका आह्वान किया है? [1]

ग) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिये । [1]

घ) देश की समृद्धि के लिये सरकार द्वारा श्रेष्ठ कार्यों में गतिरोध उत्पन्न होने का प्रमुख कारण है – [1]

अ) बेरोजगारी ब) गरीबी

स) जनसंख्या वृद्धि द) सरकारी नीति

ङ) परिवार नियोजन का तात्पर्य है – [1]

अ) सीमित परिवार ब) बड़ा परिवार

स) संयुक्त परिवार द) कोई नहीं

## खण्ड – 'ब'

प्र.3) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये (शब्द सीमा 150 शब्द) [8]

क) मेरा प्रिय शिक्षक

ख) होली

ग) गणतंत्र दिवस

घ) मेरा शहर

प्र.4) स्वयं को राज उ. मा. विद्यालय, अजमेर का छात्र मानते हुये अपने प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण तीन दिवस का अवकाश प्रदान करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिये । [6]

अथवा

स्वयं को भरतपुर निवासी सुरेश मानते हुये मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिये निर्वाचन अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिये ।

प्र.5) संज्ञा की परिभाषा लिखिये । [1]

प्र.6) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छाँटिये। [2]

क) राघव दुबला–पतला लड़का है । [1]

ख) रमेश की लिखावट सुन्दर है । [1]

प्र.7) विशेषण किसे कहते हैं? परिभाषा लिखिये । [1]

प्र.8) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम छाँटकर लिखिये – [2]

क) मैं जयपुर जा रहा हूँ । [1]

ख) वह कल शाम को घर आएगा । [1]

प्र.9) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिये एक शब्द लिखिये । [2]

क) जो बच्चों को पढ़ाए । [1]

ख) सात दिनों का समय । [1]

प्र.10) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिये । [2]

क) यह नाटक बहुत अच्छी है । [1]

ख) पक्षी पेड़ में बैठे हैं । [1]

## खण्ड – 'स'

प्र.11) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गये प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये । [5]

छाया मत छूना

मन, होगा दुःख दूना ।

जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी

छवियों की चित्र – गंध फैली मनभावनी,

तन सुगंध शेष रही बीत गई यामिनी,

कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी ।

भूली–सी एक छुअन बनता हर जीवित क्षण

छाया मत छूना, मन होगा दुःख दूना ।

क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये । [1]

ख) कवि ने छाया छूने से क्यों मना किया है? [1]

ग) चाँदनी को देखकर कवि को किसकी याद आती है? [1]

घ) 'रात' शब्द का पर्यायवाची लिखिये । (उपर्युक्त पद्यांश में से) [1]

ङ) उपर्युक्त पद्यांश में से 'कुसुम' शब्द का पर्यायवाची लिखिये । [1]

अथवा

कितना प्रामाणिक था उसका दुःख
लड़की को दान में देते वक्त
जैसे वही उसकी अंतिम पूँजी हो
लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुःख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुंधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की

क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये । [1]

ख) पाठिका की धुंधले प्रकाश की से कवि का क्या तात्पर्य है? [1]

ग) 'लड़की अभी सयानी नहीं थी' से लड़की के स्वभाव के बारे में क्या जानकारी मिलती है? [1]

घ) पद्यांश में से 'सुख' का विलोम शब्द लिखिये । [1]

ङ) पद्यांश में से 'उजाला' का पर्यायवाची शब्द लिखिये । [1]

प्र.12) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये । [5]

अमीरुद्दीन की उम्र अभी 14 साल है । मसलन बिस्मिल्ला खाँ की उम्र अभी 14 साल है । वही काशी है, वही पुराना बालाजी का मन्दिर जहाँ बिस्मिल्ला खां को नौबतखाने रियाज के लिये जाना पड़ता है । मगर एक रास्ता है बालाजी मन्दिर तक जाने का यह रास्ता रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर जाता है । इस रास्ते में अमीरुद्दीन को जाना अच्छा लगता है । इस रास्ते न जाने कितने तरह से बोल बनाव कभी ठुमरी, कभी टप्पे, कभी दादरा के मार्फत ड्योढ़ी तक पहुँचते रहते हैं । रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है । अपने ढेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिली । एक प्रकार से उनकी अबोध उम्र में अनुभव की स्लेट पर संगीत प्रेरणा की वर्णमाला रसूलनबाई और बतुलनबाई ने उकेरी है ।

क) बिस्मिल्ला खां को रियाज के लिये कहां जाना पड़ता था? [1]

ख) अमीरुद्दीन को बालाजी के मंदिर तक जाने के लिये कौनसा रास्ता अच्छा लगता था? [1]

ग) अमीरुद्दीन अपने जीवन में संगीत का प्रथम प्रेरक किसे मानते है? [1]

घ) उपर्युक्त गद्यांश में से 'अभ्यास' का दूसरा शब्द लिखिये? [1]

ङ) गद्यांश में से 'विरक्ति' शब्द का विलोम शब्द छाटकर लिखिये । [1]

अथवा

गाडी छूट रही थी । सैकण्ड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझ कर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गए । अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था । एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे । सामने दो ताजे–चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे । डिब्बे में सहसा हमारे कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया । सोचा, हो सकता है यह भी कहानी के लिये सूझ की चिंता में हों या खीरे–जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों ।

क) लेखक सैकण्ड क्लास डिब्बे में क्या सोचकर चढा? [1]

ख) सैकण्ड क्लास के डिब्बे में बैठे सज्जन की स्थिति का वर्णन कीजिये । [1]

ग) लेखक के आने से पहले बैठे सज्जन की क्या प्रतिक्रिया हुई? [1]

घ) लेखक ने पहले बैठे सज्जन के बारे में क्या कल्पना की? [1]

ङ) 'संतोष' शब्द का विलोम शब्द लिखिये । [1]

## खण्ड – 'द'

प्र.13) नीचे दिये गये बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये : [10 × 1 = 10]

i) सूरदास द्वारा रचित ग्रंथ है? [1]

अ) सूरसागर ब) साहित्य लहरी

स) सूरसारावली द) उपर्युक्त सभी

ii) तुलसीदास ने अपनी रचनाओं में किसकी भक्ति की है? [1]

अ) भगवान राम की ब) भगवान शिव की

स) भगवान कृष्ण की द) हनुमान जी की

iii) 'निराला' नाम से प्रसिद्ध कवि का पूरा नाम क्या है? [1]

अ) जयशंकर प्रसाद ब) हरिवंशराय बच्चन

स) सूर्यकांत त्रिपाठी द) गिरिजा कुमार

iv) जयशंकर प्रसाद मूलतः थे? [1]

अ) कवि ब) गद्यकार

स) दोनों द) दोनों नहीं

v) 'दंतुरित मुस्कान' कविता में वर्णन है? [1]

अ) छोटे बच्चे की मुस्कान का ब) दाँतों का

स) बादलों का द) प्रकृति का

vi) नेताजी की मूर्ति पर चश्मा किसने लगाया [1]

अ) कैप्टन ने ब) हालदार साहब ने

स) पान वाले ने द) ड्राईवर ने

vii) 'कलम का जादूगर' किसे कहा जाता है? [1]

अ) बालगोबिन भगत को ब) रामवृक्ष बेनीपुरी को

स) जयशंकर प्रसाद को द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल को

viii) बिस्मिल्ला खाँ के बचपन का नाम था? [1]

अ) सलीम ब) अमीरुद्दीन

स) शमसुद्दीन द) सभी

ix) लेखिका मन्नू भंडारी की पढ़ाई कहाँ हुई थी? [1]

अ) जयपुर ब) अजमेर

स) दिल्ली द) मानपुरा

x) 'लखनवी अंदाज' कहानी के लेखक हैं? [1]

अ) यशपाल ब) जयशंकर प्रसाद

स) धर्मपाल द) सुमित्रा नंदन पंत

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर सीमा 20 शब्द)** **[6 × 1 = 6]**

प्र.14) तुलसीदास जी की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिये । **[1]**

प्र.15) 'कन्यादान' कविता में माँ ने बेटी को क्या-क्या सीख दी? **[1]**

प्र.16) नवाब साहब ने खीरों के साथ क्या किया? **[1]**

प्र.17) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी? **[1]**

प्र.18) रानी के आगमन पर अचानक कौनसी समस्या सामने आई? **[1]**

प्र.19) यूमथांग में एक सौ आठ श्वेत पताकाएँ फहराने का क्या अर्थ है? **[1]**

**लघूत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर सीमा 30 शब्द)** **[10]**

प्र.20) बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिये । **[2]**

प्र.21) 'माता का आँचल' शीर्षक की उपयुक्तता बताइये । **[2]**

प्र.22) 'गंतोक' को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है? **[2]**

प्र.23) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएं बताई हैं? **[2]**

प्र.24) जॉर्ज पंचम की नाक लगने वाले दिन अखबारों में क्या खबर छपी? **[2]**

**निबंधात्मक प्रश्न (उत्तर सीमा 100 शब्द)**

प्र.25) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर कैप्टन का चरित्र चित्रण कीजिये । [4]

अथवा

नवाब साहब के व्यक्तित्व का वर्णन 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर कीजिये ।

प्र.26) 'दंतुरित मुस्कान' कविता के आधार पर बच्चे की मनोहारी मुस्कान का वर्णन कीजिये । [4]

अथवा

'उत्साह' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिये ।

प्र.27) निम्नलिखित में से किसी एक कवि या लेखक का परिचय लिखिये । [2]

अ) सूरदास

ब) तुलसीदास

स) मन्नू भण्डारी

द) यशपाल

⌘⌘⌘

DO NOT WRITE ANYTHING HERE